शिव भोले नाम तेरा जीने का है सहारा

शिव भोले नाम तेरा जीने का है सहारा,
अब तो शरण में लेलो रो रो के दिल पुकारा,

दुनिया में कोई अपना देता नहीं दिखाई,
धीरज तुम्ही तो दोगे तुमसे लग्न लगाई,
तेरे बिन न होगा इक पल कोई भी गुजारा,
अब तो शरण में लेलो रो रो के दिल पुकारा,
शिव भोले नाम तेरा जीने का है सहारा,

मेरी ज़िंदगी के मालिक मुझे आसरा है तेरा,
कोई रास्ता न सूझे कैसे मिटे अँधेरा,
मझधार पे पड़ा हु मेरा खो गया किनारा,
अब तो शरण में लेलो रो रो के दिल पुकारा,
शिव भोले नाम तेरा जीने का है सहारा,

तेरे नाम के दीवाने बन कर ही अब रहे गे,
दुःख दर्द जो भी आये हस कर सब सहेगे,
तेरा साथ ना मिला तो कैसे जिए वेचारा,
अब तो शरण में लेलो रो रो के दिल पुकारा,
शिव भोले नाम तेरा जीने का है सहारा,

तेरी दया न होती तो ये जनम न होता,
तेरे ही बल से राजू पापो के भोज धोता,
अब तो तुम्ही संभालो मैं हर तरफ से हारा,
अब तो शरण में लेलो रो रो के दिल पुकारा,
शिव भोले नाम तेरा जीने का है सहारा,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/8215/title/shiv-bhole-naam-tera-jeena-ka-hai-sahara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |